तापमान
अधिकतम 37.3°C
न्यूनतम 20.7°C

हरिभूमि
सोनीपत भूमि

रोहतक, शनिवार 10 अक्टूबर 2026

12 श्रीमद्भागवत श्रवण से मिला भगवान का परमधाम



13 श्रीमद्भागवत कथा भाईचारे और सद्भावना की प्रतीक



खबर संक्षेप

दुकान का शटर काटकर सामान चोरी किया

गन्नौर। गांव बड़ी में बैंक ऑफ बड़ौदा के पास स्थित एक दुकान का शटर काटकर अज्ञात चोर लैपटॉप, प्रिंटर और नकदी चोरी कर ले गए। पीड़ित की शिकायत पर बड़ी थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव आहुलाना निवासी अनिल कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने पिछले छह वर्षों से गांव बड़ी में बैंक ऑफ बड़ौदा के पास सीए संबंधी काम के लिए दुकान किराये पर ले रखी है। 7 अक्टूबर की रात करीब नौ बजे वह दुकान बंद करके घर चला गया था। अगली सुबह 8 अक्टूबर को दुकान पर पहुंचा तो ताला टूटा हुआ और शटर कटा मिला। अंदर जांच करने पर आसुस कंपनी का लैपटॉप, कैनन कंपनी का प्रिंटर और करीब 10 से 15 हजार रुपये की नकदी गायब मिली।

नरेंद्र हत्याकांड में सातवां आरोपी काबू

सोनीपत। कुंडली में युवक नरेंद्र की गोली मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने सातवें आरोपित सोनू निवासी कुंडली को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, 23 अगस्त 2026 को सतेंद्र निवासी कुंडली ने शिकायत दी थी कि वह अपने साथियों के साथ उमाशंकर कॉलोनी के पास एक प्लॉट के सामने मौजूद था। इसी दौरान अमन, दीपक, बादशाह और 15 से 20 अन्य युवक मोटरसाइकिलों पर वहां पहुंचे। उन्होंने प्लॉट पर काम करने वाले निखिल के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। सतेंद्र का भाई नरेंद्र उन्हें समझाने गया तो आरोप है कि अमन ने उसकी छाती में गोली मार दी। इसके बाद आरोपित हथियार दिखाकर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। नरेंद्र को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सुए से हमला करने का आरोपी काबू

सोनीपत। मुरथल थाना क्षेत्र में बर्फ तोड़ने वाले सुए से जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने सातवें आरोपित आलोक निवासी गांव रेवली को गिरफ्तार किया है। अदालत में पेश करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, 14 दिसंबर 2025 को विजय निवासी रेवली ने शिकायत दी थी कि दो दिन पहले उसके दोस्त विनित और कार्तिक के बीच कहासुनी हुई थी। उसने दोनों के बीच समझौता करवा दिया था। आरोप है कि 13 दिसंबर को शाम करीब चार बजे विजय जिम जाने के लिए पैदल निकला था। भारत मॉडर्न स्कूल के पास युवकों ने उसका रास्ता रोककर हमला कर दिया।

दिल्ली में प्रस्तावित विरोध-प्रदर्शन को लेकर जिले में अलर्ट, पुलिस ने बढ़ाई चौकसी

रेलवे स्टेशन से हाइवे तक जवान तैनात दिल्ली जाने वाले लोगों पर कड़ी नजर

पानीपत-दिल्ली सवारी गाड़ी रद्द, आज अप-डाउन की जनशताब्दी एक्सप्रेस भी नहीं चलेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

दिल्ली में शनिवार को सुबह 4 बजे से दोपहर 2 बजे तक प्रस्तावित विरोध-प्रदर्शन और यातायात प्रतिबंधों के मद्देनजर सोनीपत में भी सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। रेलवे स्टेशन से लेकर शहर के प्रमुख मार्गों और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस अधिकारी लगातार स्थिति पर नजर रख रहे हैं। वहीं, प्रदर्शन के चलते रेल यातायात भी प्रभावित हुआ है। पानीपत से दिल्ली जाने वाली सवारी गाड़ी शुक्रवार शाम को रद्द रही, जबकि शनिवार को अप-डाउन की जनशताब्दी एक्सप्रेस भी रद्द रहेगी।

स्टेशन का निरीक्षण किया

शुक्रवार को सोनीपत रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) और स्थानीय पुलिस अलर्ट नजर आई। सहायक पुलिस आयुक्त अमित धनखड़ ने स्टेशन का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और कर्मचारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए। आरपीएफ और जीआरपी ने स्टेशन परिसर में जांच अभियान चलाया।

यात्रियों के सामान की जांच के साथ स्टेशन पर आने-जाने वालों की गतिविधियों पर भी नजर रखी जा रही है। त्योहारी सीजन में यात्रियों की बढ़ती भीड़ के बीच ट्रेनों के रद्द होने से उनकी मुश्किलें बढ़ गई हैं। पानीपत से नई दिल्ली जाने वाली 64534 सवारी गाड़ी शुक्रवार शाम को रद्द रहने से नियमित यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। यात्रियों को दिल्ली जाने के लिए दूसरी ट्रेनों और वैकल्पिक साधनों का सहारा लेना पड़ा। वहीं, शनिवार को नई दिल्ली से दौलतपुर चौक के बीच चलने वाली 12057-58 जनशताब्दी एक्सप्रेस की दोनों दिशाओं की सेवाएं रद्द रहेंगी। यात्रियों को सलाह दी गई है कि यात्रा शुरू करने से पहले ट्रेन की स्थिति की पुष्टि कर लें और जरूरत के अनुसार वैकल्पिक व्यवस्था रखें।



सोनीपत। स्टेशन परिसर में यात्रियों व सामान पर नजर रखती पुलिस।

अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस तैयार

दिल्ली में प्रस्तावित प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने शहर में भी सतर्कता बढ़ा दी है। प्रमुख मार्गों, सार्वजनिक स्थानों और संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। सूत्रों के अनुसार, प्रदर्शन में शामिल होने के लिए सोनीपत से दिल्ली जाने वाले लोगों पर भी पुलिस नजर रखेगी। अधिकारियों का कहना है कि सुरक्षा व्यवस्था का उद्देश्य कानून-व्यवस्था बनाए रखना और किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहना है।



केएमपी-केजीपी जीरो प्वाइंट से हटवाया अवैध अतिक्रमण

सोनीपत। केएमपी-केजीपी जीरो प्वाइंट पर अवैध अतिक्रमण के खिलाफ सोनीपत पुलिस ने कार्रवाई करते हुए क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराया। पुलिस ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के साथ मिलकर अभियान चलाया। इसका उद्देश्य राष्ट्रीय राजमार्ग के आसपास अवैध कब्जे हटाकर यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाना और आमजन की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करना है।पुलिस आयुक्त ममता सिंह के मार्गदर्शन और पुलिस उपायुक्त मुख्यालय एवं यातायात सोनाक्षी सिंह के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई। यातायात थाना मुरथल के प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने एनएचएआई के अधिकारियों के साथ मिलकर जीरो प्वाइंट पर अतिक्रमण हटवाया। पुलिस के अनुसार, सड़क और राष्ट्रीय राजमार्ग के आसपास अवैध कब्जों के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका रहती है। इसे देखते हुए संबंधित विभागों के समन्वय से अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने आमजन से अपील की कि वे सड़क और राष्ट्रीय राजमार्ग के आसपास अवैध अतिक्रमण न करें तथा यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग दें। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी।

कथूरा में पुजारी की पीट-पीटकर हत्या

■ भीड़ पर हमला करने का आरोप, पुलिस जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना

गांव कथूरा में देवी मंदिर के 25 वर्षीय पुजारी सचिन की कथित अश्लील हरकतों की अफवाहों के बाद भीड़ ने पीट-पीटकर हत्या कर दी। सचिन पिछले तीन साल से मंदिर में पुजारी के तौर पर रह रहा था। मारपीट की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई अमन की शिकायत पर बरोदा थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना बुधवार रात की बताई जा रही है, लेकिन सचिन के स्वजन को इसकी जानकारी अगले दिन मिली।

कैथल का रहने वाला था

कैथल जिले के गांव रोहेड़ा निवासी अमन ने बताया कि पहले उसे सूचना मिली थी कि किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से सचिन गंभीर रूप से घायल हो गया है। जब वह मौके पर पहुंचा तो उसे बताया गया कि कुछ बाहरी लोग सचिन के साथ मारपीट करके उसे वहां छोड़ गए थे। बाद में उसकी मौत हो गई। अमन के अनुसार, सचिन 12वीं तक पढ़ा था और करीब सात साल पहले घर छोड़ दिया था। वह पहले पंजाब गया और फिर रोहतक के गांव सांघी स्थित मंदिर में रहा। पिछले तीन साल से वह कथूरा के देवी मंदिर में पुजारी के रूप में रह रहा था। उसने कुरुक्षेत्र से शास्त्री का कोर्स भी किया था। पुलिस को कंट्रोल रूम के माध्यम से सूचना मिली थी कि गांव के लोगों ने अश्लील हरकतों के शक में मंदिर के पुजारी के साथ मारपीट की है। पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद सरपंच प्रतिनिधि नवीन सचिन को भगत फूल सिंह राजकीय महिला मेडिकल कॉलेज के अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एफएसएल टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



■ तीन साल से देवी मंदिर में रह रहा था सचिन

भाई से कहा था, कुछ लोग कर रहे हैं परेशान

अमन ने बताया कि घटना से दो-तीन दिन पहले उसकी सचिन से मोबाइल पर बातचीत हुई थी। उस समय सचिन ने बताया था कि कुछ लोग उसे परेशान कर रहे हैं। अमन ने उसे सावधानी बरतने और किसी से विवाद नहीं करने की सलाह दी थी। उसने आशंका जताई कि सचिन से रंजिश रखने वाले लोगों ने ही उसके खिलाफ गलत अफवाहें फैलाईं, जिसके चलते उसकी हत्या कर दी गई। एसीपी गोहाना संदीप कुमार ने बताया कि मृतक के भाई अमन की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपितों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

चरस तस्कर पांच दिन के रिमांड पर

सोनीपत। क्राइम यूनिट कुंडली की पुलिस टीम ने चरस रखने और तस्करी के मामले में घड़वाल निवासी मोहित उर्फ काला को पांच दिन के रिमांड पर लिया है।



पुलिस ने उसके पास से 1 किलो 775 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस ने शुक्रवार को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया। पुलिस के अनुसार, 8 अक्टूबर 2026 को सहायक उप निरीक्षक सुनील टीम के साथ मुंडलाना बस अड्डे के पास गश्त कर रहे थे। इसी दौरान सूचना मिली कि मोहित गाड़ी में चरस लेकर पानीपत की ओर से आएगा और मुंडलाना होते हुए गांव घड़वाल जाएगा। पुलिस ने सूचना के आधार पर नाकाबंदी की और एक गाड़ी को रुकवाया। चालक के हाथ में पिट्ठू बैग था, जिसे वह बार-बार कहने के बावजूद अलग नहीं कर रहा था। शक होने पर उसकी पहचान मोहित उर्फ काला के रूप में हुई। राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में तलाशी लेने पर बैग से चरस बरामद हुई। पुलिस ने थाना सदर गोहाना में मादक पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की जांच जारी है।

नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल का कठोर कारावास व जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

गोहाना में 14 वर्षीय छात्रा से दुष्कर्म के मामले में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र की अदालत ने दोषी मनीष को 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर कुल 54 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। इसमें से 40 हजार रुपये पीड़िता को शारीरिक और मानसिक पीड़ा के मुआवजे के रूप में देने के आदेश दिए गए हैं। दोषी को अलग-अलग धाराओं में सजा सुनाई गई है, लेकिन सभी सजाएं एक साथ चलेंगी।

मामले के अनुसार, 29 जनवरी 2025 को पीड़िता की मां ने पुलिस को शिकायत दी थी कि उनकी 14 वर्षीय बेटी गोहाना के एक विद्यालय में आठवीं कक्षा की छात्रा है। आरोप था कि गोहाना निवासी मनीष उसका पीछा करता था। घटना वाले दिन छात्रा सुबह करीब आठ बजे घर से विद्यालय जाने के लिए निकली थी, लेकिन वहां नहीं पहुंची। दोपहर में विद्यालय से परिजनों को इसकी जानकारी मिली। परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। शाम करीब चार बजे छात्रा घर लौटी और उसने मां व नानी को आपबीती बताई। छात्रा ने बताया कि मनीष उसे बहलाकर अपने घर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। उसने घटना के बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी थी। शिकायत के बाद पुलिस ने छात्रा का चिकित्सकीय परीक्षण कराया और उसके बयान दर्ज किए। जांच के दौरान मनीष को गिरफ्तार कर वारदात में इस्तेमाल की गई कार भी बरामद की गई अदालत ने पॉक्सो अधिनियम की धारा 4 के तहत 20 साल का कठोर कारावास और 50 हजार रुपये जुर्माना, अपहरण के मामले में तीन साल का कठोर कारावास और दो हजार रुपये जुर्माना तथा धमकी देने के मामले में दो साल का कठोर कारावास और दो हजार रुपये जुर्माना लगाया। जुर्माना अदा नहीं करने पर दोषी को आठ माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।



■ 54 हजार जुर्माना राशि में से 40 हजार पीड़िता को देने को आदेश

कार में सो रहे कारोबारी के गहने आईफोन और एक लाख रुपये चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

■ फिलिंग स्टेशन के सामने खड़ी गाड़ी से हैंडबैग व कपड़ों से भरी अटैची भी ले गए चोर

जम्मू से दिल्ली लौट रहे कारोबारी को मुरथल में कार रोककर सोना महंगा पड़ गया। थकान के चलते फिलिंग स्टेशन के सामने कार में सोए कारोबारी के गहने, आईफोन, नकदी और अन्य सामान चोरी हो गया। सुबह नींद खुलने पर सामान गायब मिलने से कारोबारी के होश उड़ गए। पीड़ित की शिकायत पर मुरथल थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। नई दिल्ली के हरिनगर निवासी भूपेंद्र मुदगल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह पांच अक्तूबर को निजी काम से कार लेकर जम्मू गए थे। आठ अक्तूबर की तड़के करीब साढ़े तीन बजे दिल्ली लौटते समय मुरथल क्षेत्र में एक फिलिंग स्टेशन के सामने उन्होंने कार रोक दी। सफर के दौरान थकान होने के कारण वह कार में ही सो गए। सुबह करीब साढ़े सात बजे उनकी नींद खुली तो गले से सोने की चेन और हाथ से सोने का कड़ा गायब मिला। इसके अलावा उनका आईफोन भी नहीं था। भूपेंद्र के अनुसार कार में रखा एक हैंडबैग भी चोरी हो गया, जिसमें करीब एक लाख रुपये की नकदी और जरूरी कागजात रखे हुए थे। इसके साथ ही कपड़ों से भरी एक अटैची भी गायब मिली। उन्होंने आसपास तलाश की, लेकिन चोरी हुए सामान का कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद उन्होंने पुलिस को शिकायत दी। मुरथल थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि चोरी करने वालों की पहचान की जा सके। मामले की जांच जारी है।

सोनीपत में आधुनिक बस स्टैंड की तैयारी, जाट जोशी में होगा निर्माण

एनएच-44 पर 9.33 एकड़ में विकसित होगा बस अड्डा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

सोनीपत में आधुनिक बस स्टैंड बनाने की योजना अब धरातल पर उतरने लगी है। राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर गांव जाट जोशी में 9.33 एकड़ भूमि पर आधुनिक परिवहन सुविधाओं से युक्त बस अड्डा विकसित किया जाएगा। इसमें करीब 7 एकड़ भूमि पर मुख्य बस स्टैंड बनाने के लिए जल्द टेंडर जारी किया जाएगा। इसके लिए परिवहन विभाग की ओर से विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की जा रही है। वहीं, 2.35 एकड़ भूमि पर 15.82 करोड़ रुपये की लागत से इलेक्ट्रिक बस स्टैंड और चार्जिंग स्थल का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। शुक्रवार को विधायक निखिल मदान ने रोडवेज विभाग के जिला महाप्रबंधक संजय कुमार, अधिकारियों और निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों के साथ मौके का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य और प्रस्तावित सुविधाओं को लेकर अधिकारियों से चर्चा की।

■ विधायक निखिल मदान ने विभाग के महाप्रबंधक, अधिकारियों व एजेंसी प्रतिनिधियों के साथ किया जगह का निरीक्षण



सोनीपत। भूमि का निरीक्षण करते विधायक व अधिकारियों की टीम।

शहर को जाम से मिलेगी राहत: विधायक

पुराना बस अड्डा शहर के बीचोंबीच होने के कारण मुख्य मार्गों पर अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। बसों की आवाजाही के चलते वाहन चालकों को भीड़ में काफी देर तक इंतजार करना पड़ता है। नए बस स्टैंड को शहर से बाहर राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर विकसित करने से यातायात का दबाव कम करने में मदद मिलने की उम्मीद है। बजट सत्र के दौरान विधायक निखिल मदान ने नए बस स्टैंड को शहर से बाहर स्थानांतरित करने की मांग उठाई थी। इसके बाद सरकार ने नए बस स्टैंड की योजना को मंजूरी देने की दिशा में कदम बढ़ाए। विधायक ने जुलाई में परिवहन मंत्री अनिल विज के साथ भी इस विषय पर चर्चा की थी। अब मुख्य बस स्टैंड के लिए डीपीआर तैयार करने की प्रक्रिया चल रही है। इसके बाद टेंडर जारी कर निर्माण की अगली प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

इलेक्ट्रिक बसों के लिए बनेगा वर्कशॉप ब्लॉक

रोडवेज के जिला महाप्रबंधक संजय कुमार ने बताया कि इलेक्ट्रिक बस स्टैंड परिसर में बसों की मरम्मत के लिए वर्कशॉप ब्लॉक बनाया जाएगा। इसमें तीन बसों के लिए मरम्मत स्थल होंगे। इसके अलावा दो मंजिला इमारत में प्रशासनिक कार्यालय और महिलाओं के लिए विश्राम कक्ष बनाया जाएगा। भवन में लिफ्ट की सुविधा भी होगी। परिसर में पंप रूम, सुरक्षा कर्मियों के लिए कक्ष और चारदीवारी का निर्माण किया जाएगा। बस स्टैंड में सीमेंटेड पार्किंग और फर्श, फुटपाथ तथा इलेक्ट्रिक बसों की चार्जिंग मशीनरी के ऊपर शेड की व्यवस्था होगी। पुरुषों, महिलाओं और दिव्यांगजनों के लिए अलग-अलग शौचालय बनाए जाएंगे। बसों की सफाई के लिए सीमेंटेड कंक्रीट का प्लेटफार्म भी तैयार किया जाएगा।

250 बसों के संचालन की योजना

प्रस्तावित मुख्य बस स्टैंड का निर्माण सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) के तहत करवाने की योजना है। यहां करीब 250 बसों के संचालन के लिए व्यवस्था विकसित की जाएगी। इससे अन्य राज्यों और दूरदराज के क्षेत्रों के लिए सीधी बस सेवाएं शुरू करने की संभावनाएं भी बढ़ेंगी। योजना में बस स्टैंड के सामने फुटओवर ब्रिज बनाने का प्रस्ताव भी शामिल किया जा सकता है। इसके लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) से मंजूरी लेनी होगी। मुख्य भवन में व्यावसायिक परिसर और दुकानें बनाने की भी योजना है, जिससे यात्रियों को सुविधाएं मिलने के साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ सकते हैं।

हरियाली और सुरक्षा पर भी रहेगा जोर

परिसर में हरित पट्टी विकसित करने के साथ पेड़-पौधे लगाए जाएंगे। बारिश के पानी की निकासी के लिए वर्षा जल निकासी लाइन, सीवरेज व्यवस्था और वर्षा जल संचयन केंद्र बनाए जाएंगे। कर्मचारियों और यात्रियों के लिए कैंटीन तथा विश्रामशाला की सुविधा होगी। इसके अलावा अपशिष्ट जल शोधन संयंत्र, अग्निशमन के लिए पानी की टंकी, ट्यूबवेल और सबमर्सिबल पंप की व्यवस्था की जाएगी। विधायक निखिल मदान ने कहा कि चुनाव के समय शहरवासियों से आधुनिक बस स्टैंड बनवाने का वादा किया था। अब इस दिशा में काम शुरू हो चुका है। आधुनिक बस स्टैंड बनने से सोनीपत के साथ आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को भी बेहतर परिवहन सुविधाएं मिलेंगी और शहर के विकास को नई दिशा मिलेगी।

हाइवे पर खड़े ट्राले को पीछे से मारी टक्कर, दूध से भरा दूसरा ट्राला फ्लाईओवर से नीचे गिरा

गोहाना। जम्मू-कटरा हाइवे पर बुटाना-कोहला फ्लाईओवर के पास खड़े खराब ट्राले को पीछे से आए दूसरे ट्राले ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दूध से भरा ट्राला फ्लाईओवर से नीचे गिर गया। हादसे में ट्राले में सवार हेल्पर आनंद राव की नीचे दबने से मौत हो गई, जबकि चालक सुरक्षित बच गया। सूचना मिलने पर हाइवे हेल्पलाइन की टीम और पुलिस मौके पर पहुंची। हाइड्रा मशीन की मदद से काफी मशक्कत के बाद हेल्पर को ट्राले के नीचे से निकाला गया। आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम जिले के वाकालावालासा निवासी बाल राजू ने पुलिस को बताया कि वह ट्राले पर चालक है और आनंद राव उसके साथ हेल्पर के तौर पर काम करता था। दोनों 30 सितंबर को आंध्र प्रदेश से मिलिट्री के लिए दूध लेकर जम्मू-कश्मीर जा रहे थे। रास्ते में जम्मू-कटरा हाइवे पर बुटाना-कोहला फ्लाईओवर के ऊपर उनका ट्राला खराब हो गया। उन्होंने ट्राले को सड़क किनारे खड़ा कर हाइवे हेल्पलाइन से संपर्क किया और सुरक्षा के लिए आगे-पीछे बैरिकेड लगवा दिए। रात होने के कारण दोनों ट्राले में ही आराम करने लगे। बाल राजू के अनुसार, गुरुवार सुबह करीब 9:15 बजे पीछे से तेज रफ्तार में आए ट्राले ने उनके ट्राले को टक्कर मार दी और मौके से निकल गया। टक्कर लगने से उनका ट्राला फ्लाईओवर से नीचे गिर गया। इस दौरान हेल्पर आनंद राव खिड़की से बाहर निकलकर ट्राले के नीचे दब गया। बाल राजू ने उसे निकालने का प्रयास किया, लेकिन अकेले सफल नहीं हो सका। इसके बाद उसने हाइवे हेल्पलाइन को सूचना दी। इसके बाद बचाव अभियान चला।

■ हेल्पर की ट्राले के नीचे दबने से मौत, चालक सुरक्षित बचा

खबर संक्षेप



गोहाना। अभिनेता नाना पाटेकर के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए नागरिक।

अभिनेता नाना पाटेकर को दी नम आंखों से श्रद्धांजलि

गोहाना। आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा द्वारा शुक्रवार को शहर में पुराना बस अड्डा स्थित शहीद स्मारक पर नाना पाटेकर के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उन्हें नम आंखों से भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। मार्गदर्शन समाजसेवी हर भगवान चोपड़ा का रहा मुख्य वक्ता मोर्चे के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने कहा नाना पाटेकर पर्दे पर ही नहीं वास्तव में भी क्रांतिवीर थे। वे कैमरे के सामने भी शेर थे और कैमरे के पीछे भी वे अपनी कमाई का 90 प्रतिशत हिस्सा गरीबों, अनाथ आश्रमों, वृद्ध आश्रमों और किसाने की भलाई के लिए लगाते थे।

रक्तदान कैंप में विधायक देवेंद्र होंगे मुख्य अतिथि

गन्नौर। प्रयास इंटरनेशनल स्कूल और सिटी क्लब ऑफ गन्नौर के संयुक्त तत्वावधान मेंआज 10 अक्टूबर, शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर सुबह 9 बजे स्कूल में शुरू होगा। कार्यक्रम में गन्नौर के विधायक देवेंद्र कादियान मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। स्कूल के निदेशक अमित बत्रा ने बताया कि शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद को रक्त उपलब्ध करवाने के लिए लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करना है। लोगों की भागीदारी से इस अभियान को सफल बनाया जा सकता है।

मानसिक स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

गोहाना। भगत फूल सिंह महिला विवि के समाज कार्य विभाग द्वारा मानसिक स्वास्थ्य प्रकोष्ठ के सहयोग से मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह के अवसर पर विवि के शिक्षण खंड-1 स्थित बहुउद्देशीय सभागार में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता एवं संवेदनशीलता विषय पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम किया । कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व, तनाव प्रबंधन तथा मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की समय पर पहचान एवं उचित सहायता प्राप्त करने के प्रति जागरूक करना था।



खरखौदा। सफाई अभियान में भाग लेते अनुदेशक व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

क्लीन इंडिया के तहत चलाया स्वच्छता अभियान

खरखौदा। राज्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में क्लीन इंडिया कार्यक्रम के तहत स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के छात्र-छात्राओं, अनुदेशकों एवं समस्त स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते अभियान में अपना योगदान दिया। प्रिंसिपल संदीप ने छात्रों को स्वच्छता के महत्व, साफ-सफाई के लाभ तथा दैनिक जीवन में स्वच्छता अपनाने की आवश्यकता के बारे में जागरूक किया।

राजा परीक्षित को श्रीमद्भागवत श्रवण से मिला भगवान का परमधाम : आचार्य शिवकुमार

महाराजा अग्रसेन समाज कल्याण समिति की ओर से आयोजित कथा को दिया विराम







सोनीपत। महाराजा अग्रसेन भवन में श्रीमद्भागवत कथा के दौरान भजनों पर नृत्य करती महिलाएं तथा श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करते श्रद्धालु और आर्य समाज सेक्टर 15 में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपस्थित गणमान्य जन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

श्रीराम ज्योतिष पीठ व दी महाराजा अग्रसेन समाज कल्याण समिति की ओर से सेक्टर-14 स्थित अग्रसेन भवन में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ का शुक्रवार को 7वां दिन रहा। कथाव्यास आचार्य शिवकुमार अत्री महाराज ने कथा में सुदामा चरित्र, शुकदेव विदाई व परीक्षित मोक्ष के प्रसंग का वर्णन किया। कथा की शुरुआत श्री चंडी महाकाली प्राचीन मंदिर समिति व शिव शक्ति महिला समिति, सेक्टर-15 के सदस्यों ने दीप प्रज्वलन करके की। आचार्य शिवकुमार अत्री ने बताया कि सुदामा जितेंद्रिय एवं भगवान कृष्ण के परम मित्र थे। भिक्षा मांगकर अपने परिवार का पालन पोषण करते थे। वह निर्धन के बावजूद भी हमेशा भगवान के ध्यान में मग्न रहते। पत्नी सुशीला सुदामा से बार-बार आग्रह करती कि आपके मित्र तो द्वारकाधीश हैं, उनसे जाकर मिलो, शायद वह हमारी मदद कर दें। सुदामा पत्नी के कहने पर द्वारका पहुंचते हैं। जब द्वारपाल भगवान कृष्ण को बताते हैं कि सुदामा नाम का ब्राह्मण आया है, तो कृष्ण यह सुनकर नंगे पैर दौड़कर आते हैं और अपने मित्र को गले से लगा लेते हैं। उनकी दीन दशा देखकर कृष्ण के आंखों से अश्रुओं की धारा प्रवाहित होने लगती है। सिंघासन पर बैठाकर कृष्ण जी सुदामा के चरण धोते हैं। सभी पटरानियां सुदामा जी से आशीर्वाद लेती हैं। सुदामा जी विदा लेकर अपने स्थान लौटते हैं, तो भगवान कृष्ण की कृपा से अपने यहां महल बना पाते हैं, लेकिन सुदामा जी अपनी फूंस की बनी कुटिया में रहकर भगवान का सुमिरन करते हैं। वहीं शुकदेव ने राजा परीक्षित को सात दिन तक श्रीमद्भागवत कथा सुनाई, जिससे उनके मन से मृत्यु का भय निकल गया। तक्षक नाग आता है और राजा परीक्षित को डस लेता है। राजा परीक्षित कथा श्रवण करने के कारण भगवान के परमधाम को पहुंचते है। कथाव्यास ने श्रीमद्भागवत कथा को विराम देते हुए श्रद्धालुओं को विदाई गीत सुनाया। कथा में टीकाराम मित्तल, प्रेस सचिव पंडित अमित शौनक, ओमप्रकाश, अरुण कुमार जैन, राजेंद्र कुच्छल, मनोज गर्ग, सुभाष चंद्र, देवेंद्र कुच्छल, महताब खत्री, महेंद्र मंगला, अमित कुच्छल, प्रदीप बंसल, ओडी गर्ग, पवन अग्रवाल मौजूद रहे।

महाभारत के प्रसंगों से दिया सत्य का संदेश

सोनीपत। आर्य समाज सेक्टर-15 का 27वां वार्षिकोत्सव सामवेद पारायण यज्ञ के पांचवें दिन भी जारी रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ सामवेद यज्ञ के साथ हुआ। यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य सुरेश आर्य ने कहा कि यज्ञ परोपकार का श्रेष्ठ माध्यम है। इसके माध्यम से पर्यावरण को संतुलित रखने में भी योगदान दिया जा सकता है। गुजरात से आए वैदिक विद्वान आचार्य योगेश वैदिक ने महाभारत के प्रेरक प्रसंगों के माध्यम से जीवन में योग्यता और सत्य के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इतिहास में धृतराष्ट्र ने उत्तराधिकारी के चयन में योग्यता के बजाय वंश परंपरा को आधार बनाया। जब व्यक्ति मोह में आसक्त हो जाता है तो उसकी सत्य और असत्य को पहचानने की क्षमता

- आर्य समाज सेक्टर-15 के वार्षिकोत्सव में सामवेद पारायण यज्ञ के पांचवें दिन वैदिक विद्वानों ने परोपकार और सदाचार का महत्व बताया

समाप्त होने लगती है। उन्होंने कहा कि महाभारत के प्रसंगों का अच्छी तरह अध्ययन करने से व्यक्ति को जीवन में राग-द्वेष और विवादों से बचने की प्रेरणा मिलती है। भजनोपदेशक भानुप्रकाश आर्य ने अपने भजनों से श्रोताओं को भावविभोर किया। कार्यक्रम में आर्य समाज के प्रधान जगदीश फुकरेजा, मंत्री दीनदयाल मदान और अशोक मदान आयुष आर्य उपस्थित रहे। अंत में प्रसाद वितरण और शांति पाठ के साथ सत्संग का समापन हुआ।



गोहाना। छात्राओं की ओर से लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए अतिथि एवं आयोजक। फोटो : हरिभूमि

समस्याओं का व्यावहारिक समाधान खोजने के लिए प्रेरित किया

गोहाना। भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) के कन्या गुरुकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के तत्वावधान में 'विकसित भारत' की संकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से 'सेवा फस्र्ट इनोवेशन चैलेंज 2026' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्या सुमिता सिंह ने की। मुख्य अतिथि इंस्टीट्यूट ऑफ हायर लर्निंग की प्राचार्या प्रो. डॉ. कल्पना थीं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में नवाचार, रचनात्मकता एवं उद्यमशीलता की भावना को प्रोत्साहित करना तथा उन्हें दैनिक जीवन की वास्तविक समस्याओं के व्यावहारिक समाधान खोजने के लिए प्रेरित करना था। प्रतियोगिता के दौरान छात्राओं ने कृषि, पर्यावरण, शिक्षा एवं स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों से संबंधित समस्याओं के लिए किफायती और टिकाऊ समाधान प्रस्तुत करने पर विशेष ध्यान दिया। इस अवसर पर छात्राओं की रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर ट्रेनिंग एंड रिसर्च की टीचर इंटर्नशिप प्रोग्राम समन्वयक प्रो. मोनिका, डॉ. सुनीता एवं प्रशिक्षु शिक्षकों ने छात्राओं द्वारा तैयार की गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। कार्यक्रम का संचालन सुनीता शर्मा एवं संगीता रानी ने किया।

- छात्राओं ने कृषि, पर्यावरण, शिक्षा एवं स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं के समाधान प्रस्तुत किए



सोनीपत। विजेता विद्यार्थियों के साथ क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्यगण। फोटो : हरिभूमि

मेहंदी स्पर्धा में छात्राओं ने आकर्षक डिजाइनों से कला का परिचय दिया

सोनीपत। जीवीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में इनर व्हील क्लब, सोनीपत की ओर से मेहंदी, राखी निर्माण, नृत्य और गायन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी रचनात्मकता और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय का प्रांगण रंग-बिरंगी कलाकृतियों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सराबोर रहा। मेहंदी प्रतियोगिता में छात्राओं ने आकर्षक डिजाइनों से अपनी कला का परिचय दिया। वहीं, राखी निर्माण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने हस्तनिर्मित राखियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति और रचनात्मकता को प्रदर्शित किया। नृत्य और गायन की प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। क्लब की ओर से सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। क्लब की अध्यक्ष डॉ. कमलेश मलिक ने विद्यार्थियों की प्रतिभा और आत्मविश्वास की सराहना करते कहा कि बच्चों में अपार संभावनाएं हैं। उन्हें आगे बढ़ने के लिए उचित मंच और प्रोत्साहन देना आवश्यक है। कार्यक्रम में दिल्ली उड़ान क्लब की आईएसओ सुषमा दहिया विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय की प्राचार्या कविता दहिया और स्टाफ के प्रयासों की भी सराहना की। क्लब की उपाध्यक्ष सुषमा दहिया, आईएसओ सुखदा नागपाल, कोषाध्यक्ष नीलम सहगल, गीता कोहली, अनीता विज, गीता सैनी, मनीषा मेहरा सहित क्लब की अन्य सदस्याएं उपस्थित रहीं।

- इनर व्हील क्लब ने प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित, बच्चों की प्रतिभा को सराहा



सोनीपत। जीवीएम गर्ल्स कॉलेज में कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों के साथ प्राचार्या एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

नियमित अध्ययन, निरंतर अभ्यास व मेहनत सफलता के आधार: जैन

सोनीपत। जीवीएम गर्ल्स कॉलेज के वाणिज्य स्नातकोत्तर विभाग की ओर से 'सपने, अनुशासन और दिशा : कक्षा से मंच तक' विषय पर पूर्व छात्रा संवाद आयोजित किया गया। इसमें राजकीय महिला महाविद्यालय, गोहाना की सहायक प्रोफेसर महक जैन ने विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव साझा किए और करियर निर्माण के लिए प्रेरित किया। संस्था के प्रधान डॉ. ओपी परूथी और प्राचार्या डॉ. मंजुला स्पाह ने उनका स्वागत किया। महक जैन ने नियमित अध्ययन, निरंतर अभ्यास और मेहनत को सफलता का आधार बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को परीक्षा के तनाव से निपटने तथा पढ़ाई और करियर के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि कठिनाइयों से घबराने के बजाय उनसे सीखना चाहिए, क्योंकि अनुभव सफलता की राह आसान बनाते हैं। डॉ. ओपी परूथी ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। प्राचार्या डॉ. मंजुला स्पाह ने शिक्षा, दृढ़ संकल्प और निरंतर सीखने का महत्व बताया। विभागाध्यक्ष रुचिका विरमानी ने नैतिक मूल्यों, अनुशासन और चरित्र निर्माण पर जोर दिया। कार्यक्रम में वंदना सचदेवा, कामिनी आहूजा, मीना कालरा और कीर्ति सतीजा उपस्थित रहीं। संवाद सत्र में विद्यार्थियों ने प्रश्न पूछकर शैक्षणिक तैयारी, प्रतियोगी परीक्षाओं और करियर के अवसरों की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों को लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रेरित किया।

- जीवीएम गर्ल्स कॉलेज में पूर्व छात्रा संवाद, मेहनत और सही दिशा से सपनों को साकार करने का दिया संदेश



खरखौदा। प्रशिक्षण में भागीदारी करते पीआरटी शिक्षक।

एफएलएन के अंतर्गत पीआरटी शिक्षकों का छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ

खरखौदा। फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरसी (एफएलएन) के अंतर्गत खंड संसाधन समन्वयक कार्यालय खरखौदा में प्राथमिक शिक्षकों के लिए 6 दिन के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी प्रदीप कुमार एवं खंड संसाधन समन्वयक अधिकारी मनोज कुमार ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए प्रशिक्षण के निर्धारित समय का पालन करने तथा सभी सत्रों में सक्रिय एवं उत्साहपूर्वक सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि एफएलएन के लक्ष्यों की प्रभावी प्राप्ति के लिए शिक्षकों का प्रशिक्षण में गंभीरता से भाग लेना तथा प्रशिक्षण में प्राप्त रणनीतियों को कक्षा-कक्ष में प्रभावी रूप से लागू करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 89 शिक्षक प्रतिभागिता कर रहे हैं। प्रशिक्षण को दो बैचों में संचालित किया जा रहा है, जिसमें प्रथम बैच में 45 तथा द्वितीय बैच में 44 शिक्षक शामिल हैं। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को पठन-पाठन की विभिन्न रणनीतियों, शिक्षक संदर्शिका व अभ्यास पुस्तिका आदि में बदलाव से अवगत कराया जाएगा। प्रथम बैच का प्रशिक्षण कविता पंघाल एवं डॉ. निशा रानी द्वारा तथा द्वितीय बैच का प्रशिक्षण सविता एवं सीमा देवी द्वारा प्रदान किया जा रहा है। पहले तीन दिनों में बाल वाटिका और हिंदी विषय पर चर्चा की गई जिसमें पाठ्य पुस्तकों एवं शिक्षक संदर्शिका में बदलाव बारे एवं अन्य जानकारियां अध्यापकों को दी गई। शुक्रवार के सत्रों में गणित विषय के शिक्षण, दैनिक जीवन में इसके उपयोग, गणित शिक्षण की पद्धतियां आदि विषयों पर अध्यापकों के साथ चर्चा की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम की मॉनिटरिंग डाइट बीसवां मील से जयकंवार द्वारा की । उनके द्वारा प्रशिक्षण की गुणवत्ता, समयबद्धता एवं प्रशिक्षणार्थियों की सहभागिता का अवलोकन किया गया।

- प्रथम बैच में 45 तथा द्वितीय बैच में 44 शिक्षक शामिल



खरखौदा। सफाई अभियान में भाग लेते अनुदेशक व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

क्लीन इंडिया के तहत चलाया स्वच्छता अभियान

खरखौदा। राज्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में क्लीन इंडिया कार्यक्रम के तहत स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के छात्र-छात्राओं, अनुदेशकों एवं समस्त स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते अभियान में अपना योगदान दिया। प्रिंसिपल संदीप ने छात्रों को स्वच्छता के महत्व, साफ-सफाई के लाभ तथा दैनिक जीवन में स्वच्छता अपनाने की आवश्यकता के बारे में जागरूक किया।

स्पर्धा

प्रांतीय गणित-विज्ञान एवं संगणक मेले में चमकी प्रतिभाएं

विद्या भारती हरियाणा के तत्वावधान में गीता विद्या मंदिर में प्रांतीय गणित-विज्ञान एवं संगणक मेला

गणित तार्किक चिंतन और संगणक आधुनिक तकनीकी ज्ञान का करता है विकास: ऋषिराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना

विद्या भारती हरियाणा के तत्वावधान में गीता विद्या मंदिर, गोहाना में आयोजित त्रि-दिवसीय प्रांतीय गणित-विज्ञान एवं संगणक मेले का समापन हो गया। मेले में विभिन्न विद्यालयों से आए विद्यार्थियों ने गणित, विज्ञान एवं संगणक से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताओं, प्रदर्शों एवं गतिविधियों में सहभागिता करते हुए अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। समापन समारोह की मुख्य अतिथि विद्यालय की पूर्व छात्रा एवं अंग्रेजी विषय की अध्यापिका नीलम शर्मा जबकि विशिष्ट अतिथि जीपीजीटी जीव विज्ञान दीपा रहीं। मुख्य वक्ता हिंदू शिक्षा समिति, कुरुक्षेत्र ऋषिराज वशिष्ठ ने कहा कि विज्ञान विद्यार्थियों में जिज्ञासा, गणित तार्किक चिंतन तथा संगणक आधुनिक तकनीकी ज्ञान का विकास करता है। विद्यार्थियों को इन विषयों के ज्ञान को केवल पुस्तकों तक सीमित न रखकर उसे व्यावहारिक जीवन से जोडऩा चाहिए। विद्या भारती प्रांत कार्यकारिणी, हरियाणा के सदस्य घनश्याम और कार्यक्रम अध्यक्ष एवं प्रबंध समिति के अध्यक्ष तिलकराज रेलन ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तार्किक क्षमता, रचनात्मकता एवं आत्मविश्वास का विकास करते हैं। गीता विद्या मंदिर जींद के प्राचार्य ने मेले का वृत्त प्रस्तुत किया। समापन समारोह में प्राचार्य अश्विनी कुमार व संजीव सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



गोहाना। समारोह में अतिथिगयों को स्मृति चिह्न भेंट करते हुए। फोटो : हरिभूमि

ये मेधावी विद्यार्थी रहे अव्वल

विज्ञान प्रदर्श के शिशु वर्ग में कक्षा चौथी से युवराज, बाल वर्ग में कक्षा 8वीं से डिवी, किशोर वर्ग में कक्षा 10वीं से हर्ष, तरुण वर्ग में कक्षा 11वीं से सार्थक जबकि कक्षा 12वीं से रिहांशु, हर्षित और सक्षम अव्वल रहे।



पाखंडवाद समाज के विकास पर ग्रहण के समान : धीरज

गोहाना। आर्य समाज गोहाना एवं जिला वेद प्रचार समिति सोनीपत द्वारा शुक्रवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मैंसवान खुर्द में वैदिक सत्संग समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ हवन के साथ हुआ। हवन में श्रद्धालुओं ने मंत्रोच्चारण के साथ आहुतियां डाली। अध्यक्षता आर्य समाज गोहाना व वेद प्रचार समिति सोनीपत के अध्यक्ष धर्मपाल आर्य ने की। मुख्य वक्ता उत्तर प्रदेश से वैदिक विद्वान डॉ. धीरज कुमार आर्य ने विद्यार्थियों एवं अध्यापकों को पाखंडवाद और अंधविश्वास व नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पाखंडवाद समाज के विकास पर ग्रहण के समान है।

इंटरनेट ऑफ थिंग्स तकनीक पर कार्यशाला



सोनीपत। भारत इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, सोनीपत (बीआईटीएस) में शुक्रवार को एसओएफकॉन प्राइवेट लिमिटेड और राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के सहयोग से इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों का तकनीकी ज्ञान बढ़ाने के साथ व्यावहारिक कौशल विकसित करना था। कार्यशाला का आयोजन बलराज कुंडू और योगेंद्र राठी के मार्गदर्शन तथा संस्थान की निदेशक प्रो. (डॉ.) पूनम जागलान, डॉ. सीमा राठी और समस्त संकाय सदस्यों के सहयोग से किया गया। प्रशिक्षक विश्वजीत सिंह और नीरज ठाकुर ने विद्यार्थियों को इंटरनेट ऑफ थिंग्स तकनीक, सेंसर, माइक्रोकंट्रोलर, बेतार संचार और आंकड़ों की सुरक्षा के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने इस क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार और करियर के अवसरों की जानकारी भी दी।

कल्पना चावला विद्यापीठ के देव ने जीता रजत



खरखौदा। कल्पना चावला विद्यापीठ के विद्यार्थी देव पुत्र मनजीत ने राज्य स्तरीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता में रजत पदक हासिल कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। देव ने अपनी प्रतिभा, कौशल और मेहनत का शानदार प्रदर्शन करते हुए कड़े मुकाबले में यह उपलब्धि प्राप्त की। 4 से 6 अक्टूबर तक फरीदाबाद में आयोजित राज्य स्तरीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता में देव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 82 किलोग्राम भार वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक अपने नाम किया। उसकी उपलब्धि से विद्यालय परिवार में खुशी और उत्साह का माहौल है। प्रतियोगिता में सफलता हासिल करने के बाद जब देव विद्यालय पहुंचा, तो उसका स्वागत किया गया। विद्यालय की ओर से उसे फूल मालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया तथा प्रोत्साहन स्वरूप नकद राशि भी प्रदान की गई।

मांगों को लेकर अभियंता के साथ की बैठक



गोहाना। शुक्रवार को हरियाणा कर्मचारी महासंघ से संबंधित आल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग शाखा के कर्मचारियों ने जन स्वास्थ्य अभिमंडल नं. 1 गोहाना के कार्यकारी अभियंता के साथ बैठक की। कर्मचारियों ने अधिकारी से यूनियन की लंबित मांगें पूरी करने की मांग उठाई। संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष नरेन्द्र धीमान, प्रांतीय महासचिव अमरीक सिंह चट्ठा, प्रांतीय चैयरमेन रणबीर दलाल, प्रांतीय प्रैस सचिव सुभाष भट्टी ने कहा कि विभाग में कार्यरत कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए। सभी कर्मचारियों को डांगरी, जूते और रैनकोट दिलाए जाएं। स्टाफ क्वार्टरों की मरम्मत करवाई जाए। ग्रुप-डी कर्मचारियों की पदोन्नति पर एक वेतन वृद्धि दी जाए। जलघरों व बूस्टरों पर ट्रुल किट दी जाए। बैठक में रामलाल, राकेश त्यागी, राजकुमार शर्मा, सुनील, जयकिशन, सुशील शर्मा मौजूद रहे।

प्राथमिक शिक्षकों को दिया प्रशिक्षण



गोहाना। शैक्षणिक खंड कथूरा के खंड शिक्षा अधिकारी लवल किशोर के मार्गदर्शन में क्षेत्र के सभी प्राथमिक शिक्षकों को एफएलएन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यक्रम का पहला सत्र 5 अक्तूबर से 9 अक्तूबर तक आयोजित हुआ। दूसरा सत्र राजकीय माध्यमिक विद्यालय गुढ़ा में आयोजित होगा इसमें 40- 40 शिक्षकों के ग्रुप में शिक्षक प्रशिक्षित किए जाएंगे। 6 दिवसीय एफएलएन (आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान) प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को विद्यार्थियों के पढऩे, लिखने और गणितीय दक्षता बढ़ाने के लिए प्रभावी एवं गतिविधि आधारित शिक्षण विधियों से परिचित कराना है। प्रशिक्षण में प्रिंट रिच, कक्षा वातावरण, लेखन, कौशल, भाषा एवं गणितीय दक्षता तथा बाल केंद्रित शिक्षण तकनीकों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मुख्य प्रशिक्षण संगीता और अनिल कुमार दे रहे हैं।

युवा नशीले पदार्थों से दूर रहें : राजकुमार



सोनीपत। स्थानीय काठ मंडी स्थित आर्य समाज द्वारा संचालित आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्वामी श्रद्धानंद के बलिदान शताब्दी वर्ष पर आयोजित किए गए ऋग्वेद पारायण महायज्ञ के आठवें दिन ब्रह्मा आचार्य राजकुमार शर्मा ने कहा कि शराब, तम्बाकू, चरस, सुल्फा आदि सभी नशीले पदार्थ हमारी युवा शक्ति को खोखला करते जा रहे हैं। यह देश के लिए बहुत गलत हो रहा है। उन्होंने कहा कि जो लोग नशीले पदार्थों की सप्लाई करके धन कमा रहे हैं वह धन उनके परिवार को भी बर्बाद करेगा क्योंकि गलत तरीके से कमाया गया पैसा नुकसान ही करता है। आचार्य ने कहा कि सनातन धर्म के अनुयायी को हर प्रकार के नशे से दूर रहना चाहिए क्योंकि हम भगवान श्री राम और श्री कृष्ण की संतान हैं। ऐसे महापुरुषों की संतान का शराब जैसे नशीले पदार्थों का सेवन बहुत चिंतनीय है।

भावयोग पुस्तक का किया विमोचन



खरखौदा। बार काउंसिल ऑफ पंजाब एवं हरियाणा की सदस्य अधिवक्ता शर्मिला शर्मा के स्वागत एवं सम्मान में बार एसोसिएशन खरखौदा द्वारा समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से खरखौदा की न्यायाधीश सुषमा ने शिरकत की। अवसर पर लेखिका अंकिता महाजन की पुस्तक 'भावयोग' का विमोचन भी किया गया। खरखौदा पहुंचने पर बार एसोसिएशन के प्रधान सुमित कौशिक ने अधिवक्ता शर्मिला शर्मा को गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया। इसके बाद न्यायालय परिसर में पौधारोपण किया गया। तत्पश्चात बार एसोसिएशन के सभागार में सभा का आयोजन हुआ, जिसमें कार्यकारिणी सदस्यों ने अधिवक्ता शर्मिला शर्मा और न्यायाधीश सुषमा का स्वागत किया। सभा को संबोधित करते बार एसो के प्रधान सुमित कौशिक ने अधिवक्ता शर्मिला शर्मा के सहयोग की सराहना की।

करमबीर सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष बने



सोनीपत। भवन निर्माण श्रमिक संघ, जिला सोनीपत का अधिवेशन शुक्रवार को कोर्ट रोड स्थित भारतीय मजदूर संघ के जिला कार्यालय में आयोजित किया गया। अधिवेशन की अध्यक्षता भारतीय मजदूर संघ के जिला उपाध्यक्ष बीर सिंह ने की। भवन निर्माण श्रमिक संघ, हरियाणा के प्रदेश महामंत्री रामेहर जागड़ा मुख्य अतिथि एवं चुनाव पर्यवेक्षक रहे, जबकि अखिल भारतीय कंस्ट्रक्शन मजदूर महासंघ के महामंत्री रवि कुमार विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अधिवेशन में जिला अध्यक्ष कर्मवीर ने पुरानी जिला कार्यकारिणी भंग करने की घोषणा की। इसके बाद राममेहर जागड़ा की देखरेख में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से करमबीर को जिलाध्यक्ष, गोवर्धन दास को जिला कार्यकारी अध्यक्ष, संदीप कुमार को जिला मंत्री, रविपाल, अशोक कुमार, नीलम और अशोक को जिला उपप्रधान नियुक्त किया।

महापड़ाव की तैयारी में जुटे कर्मचारी



सोनीपत। सर्व कर्मचारी संघ की सोनीपत जिला कार्यकारिणी की बैठक में 24 अक्टूबर को हिसार में लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य मंत्री रणबीर गंगवा के आवास पर होने वाले अनिश्चितकालीन महापड़ाव की तैयारियों को लेकर रणनीति बनाई गई। 9 अक्टूबर को बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान देशराज नैन ने की, जबकि संचालन मुकेश शर्मा ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि 10 अक्टूबर से जिला कमेटी कर्मचारियों से संपर्क कर आंदोलन में भाग लेने की अपील करेगी। राज्य मुख्य संगठन सचिव योगेश शर्मा, राज्य उपमहासचिव राजेश धनखड़, जग महेंद्र सिंह और अध्यापक संघ से नरेंद्र चहल सहित अन्य कर्मचारी नेताओं ने कहा कि सरकार कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी कर रही है। आनंद हुड्डा, बलराम, काली रमन, प्रमोद, धीरज, बिजेंदर दहिया, देवेंद्र दहिया, श्याम सुंदर, अमित, जोगिंदर आदि मौजूद रहे।

न्यूज डायरी

श्रीमद्भागवत कथा भाईचारे और सद्भावना की प्रतीक



सोनीपत। नंदवानी नगर स्थित शिव मंदिर शिव वाटिका में सीताराम भारद्वाज के नेतृत्व में भव्य श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन श्रद्धा व उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस पावन धार्मिक अनुष्ठान में कांग्रेस के शहरी जिलाध्यक्ष कमल दिवान मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर आयोजकों, मातृशक्ति एवं श्रद्धालुओं ने कमल दिवान व उनके साथ आए गणमान्य साथियों का फूल-मालाओं और पटका पहनाकर स्वागत एवं नागरिक अभिनंदन किया। कथा के विश्राम के उपरांत उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए शहरी जिलाध्यक्ष कमल दिवान ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा जैसे पावन धार्मिक आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान मात्र नहीं हैं, बल्कि यह समाज में आध्यात्मिक चेतना, मानवीय संस्कार, आपसी प्रेम और भाईचारे को सुदृढ़ करने के सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि भागवत हमें जीवन जीने की सही कला सिखाती है। भगवान श्रीकृष्ण के दिखाए निष्काम कर्म, सत्य और सद्भावना के मार्ग पर चलकर ही समाज और राष्ट्र को उन्नति के पथ पर ले जाया जा सकता है। उन्होंने सभी से सामाजिक समरसता को बनाए रखने का संकल्प लेने का आह्वान किया। इस दौरान कमल दिवान ने सफल एवं भव्य आयोजन के लिए मुख्य आयोजक सीताराम भारद्वाज सहित समस्त श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में एमसी-1 से अध्यक्ष दीपक चावला, सचिव पायल मलिक, सन्नी मलिक, लीलू प्रधान, व अन्य साथी मौजूद रहे।

भाजपा छोड़ कांग्रेस में लौटे पूर्व पार्षद नवीन तंवर



सोनीपत। भाजपा के पूर्व पार्षद नवीन तंवर ने भारतीय जनता पार्टी को अलविदा कहते हुए अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस में घर वापसी कर ली है। पूर्व पार्षद नवीन तंवर की इस घर वापसी में शहरी जिलाध्यक्ष कमल दिवान की अहम भूमिका रही। इनके निरंतर संवाद और रणनीतिक प्रयासों के चलते तंवर समर्थकों सहित कांग्रेस के पाले में आए। इस अवसर पर आयोजित विशेष कार्यक्रम अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) की राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद कुमारी सैलजा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी का पटका पहनाकर नवीन तंवर और उनके साथियों का कांग्रेस परिवार में औपचारिक स्वागत किया। शहरी जिलाध्यक्ष कमल दिवान ने कहा कि वर्तमान में आमजन और जनसेवक सत्ताधारी दल की नीतियों से त्रस्त आ चुके हैं। कांग्रेस की जनहितैषी नीतियों, विकासपरक सोच और आम आदमी के अधिकारों की लड़ाई से प्रभावित होकर लगातार वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता कांग्रेस का रुख कर रहे हैं। कमल दिवान ने कहा कि नवीन तंवर के आने से शहरी और ग्रामीण दोनों ही क्षेत्रों में संगठन को अभूतपूर्व जमीनी मजबूती मिलेगी।

समारोह की तैयारियों को लेकर देवेंद्र ने किया निरीक्षण



गन्नौर। भारतीय जनता पार्टी की ओर से 11 अक्टूबर, रविवार को मदर प्राइड स्कूल के सामने आयोजित होने वाले नागरिक अभिनंदन एवं स्वागत समारोह की तैयारियों को लेकर भाजपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी देवेंद्र कौशिक ने कार्यक्रम स्थल का दौरा किया। उनके साथ नगर पालिका चेयरमैन अरुण त्यागी और कार्यक्रम के आयोजक सोनू उर्फ रोहित त्यागी सहित आदि मौजूद थे। भाजपा नेता देवेंद्र कौशिक ने दौरे के दौरान कार्यक्रम स्थल पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया और समारोह को व्यवस्थित ढंग से संपन्न करवाने को लेकर चर्चा की गई। आयोजक सोनू उर्फ रोहित त्यागी ने बताया कि समारोह में भाजपा हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता मुख्य अतिथि तथा हरियाणा ब्यूरो ऑफ पब्लिक एंटरप्राइजेज के चेयरमैन एवं हरियाणा सरकार के चेयरमैन मोहन लाल बड़ौली विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। देवेंद्र कौशिक ने कहा कि नागरिक अभिनंदन एवं स्वागत समारोह कार्यकर्ताओं और नागरिकों के लिए अच्छा अवसर है। ऐसे कार्यक्रमों से संगठन की मजबूती के साथ-साथ कार्यकर्ताओं का उत्साह भी बढ़ता है। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता मिलकर समारोह को सफल बनाने में सहयोग करें। भाजपा का मूल मंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास है।

अभिषेक सरोहा को दी बधाई



गन्नौर। एचपीएससी परीक्षा में प्रथम स्थान हासिल कर एचसीएस अधिकारी बने गन्नौर के गांव बली कुतुबपुर निवासी अभिषेक सरोहा हाल निवासी गोहाना को गांव के सरपंच देवेंद्र सरोहा वह गांव के ही वरिष्ठ भाजपा नेता आजाद सिंह नेहरा ने बधाई दी और कहा की अभिषेक ने प्रदेश में गांव का नाम रोशन किया है यह बड़े गर्व की बात है।अभिषेक के पिता जगबीर ने बताया कि अभिषेक की सफलता के पीछे वर्षों का संघर्ष और लगातार मेहनत की कहानी है। दो बार यूपीएससी की परीक्षा में किस्मत आजमाई, और यूपीएससी के इंटरव्यू तक पहुंचे लेकिन वहां सफलता नहीं मिली। इसके बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और हरियाणा सिविल सेवा की तैयारी जारी रखी। आखिरकार एचसीएस परीक्षा में तीसरी कोशिश में उन्होंने प्रदेश में टॉप कर लिया। अभिषेक के पिता जगबीर सरोहा ने बताया कि शुरुआती प्रयासों के दौरान अभिषेक दिल्ली के करोल बाग में रहकर कोचिंग लेते थे। उनके चाचा तिजेंद्र सरोहा के अनुसार, दो बार इंटरव्यू तक पहुंचने के बावजूद अंतिम सफलता नहीं मिलने से अभिषेक निराश हो गए थे और घर लौट आए थे। ऐसे समय में पिता जगबीर सरोहा सहित पूरे परिवार ने उनका हौसला बढ़ाया। इसके बाद अभिषेक ने करीब तीन साल तक घर पर रहकर तैयारी की। किसी विषय में संदेह होने पर वह दिल्ली जाकर अपनी शंकाओं का समाधान करते थे । अभिषेक की उपलब्धि उन युवाओं के लिए प्रेरणा है, जो असफलताओं के बावजूद अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए लगातार मेहनत करते हैं। वहीं अभिषेक नहीं सफलता का सारे अपने परिजनों को दिया।

स्वास्थ्य कर्मियों ने निकाली जागरूकता रैली, सीएमओ ने दिखाई हरी झंडी

226 युवाओं ने जीती नशे के खिलाफ जंग

नागरिक अस्पताल में 933 मरीजों का चल रहा इलाज



सोनीपत। सोनीपत नागरिक अस्पताल से जागरूकता रैली निकालते स्वास्थ्य कर्मी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

- स्वास्थ्य विभाग एक माह चलाएगा विश्व मानसिक स्वास्थ्य पखवाड़ा

जिले में इंजेक्शन से नशे लेने वाले लोगों की लगातार तादाद बढ़ने लगी हैं। ऐसे में युवा पीढ़ी नशे की गिरफ्त में उलझकर नशे का शिकार होने लगी है। उधर स्वास्थ्य विभाग शनिवार से विश्व मानसिक स्वास्थ्य पखवाड़ा के तहत नागरिक अस्पताल में नशा मुक्ति को लेकर विशेष जागरूकता अभियान चलाने जा रहा है। डॉ. तरुण यादव ने बताया कि जिले में इंजेक्शन से नशा करने वाले लोगों की संख्या को कम करने के लिए उन्हें समझाकर, सही इलाज मुहैया करवाकर व काउंसलिंग के बाद ही नशे को छुड़वाया जा सकता है।

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में स्वास्थ्य कर्मियों ने शुक्रवार को अस्पताल परिसर से जागरूकता रैली निकाली। रैली को सिविल सर्जन डॉ. अलंकृता गेरा व नोडल अधिकारी डॉ. योगेश गोयल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। स्वास्थ्य निरीक्षक बलबीर सिंह ने बताया कि रैली के माध्यम से लोगों को 'जीवन के दो अनमोल धन- मन स्वस्थ तो तन स्वस्थ, शर्म नहीं, बात करो, दिल की सुनो, दिल को समझो।' का संदेश दिया गया। रैली का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित करना रहा। इस दौरान एमईओ कीर्ति, पीएसडब्ल्यू ज्योति, सीआरए पूनम, नर्स नरिता साइ, सीएचएन शिल्पी, डीएफएलसी तनीशा सहित एटीएफ स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। बता दें कि नागरिक अस्पताल में वर्ष 2012 यानि करीब 14 साल से ओपिओइड सबस्टिट्यूशन थेरेपी (ओएसडी) सेंटर का संचालन किया जा रहा है।

हालांकि सेंटर के पास फिलहाल पर्याप्त जगह का अभाव है, लेकिन इसके बावजूद पूरे देश में सोनीपत जिला अपनी कार्यशैली में दूसरे स्थान पर है।

नशे की लत को छोड़ना बहुत मुश्किल

डॉ. तरुण यादव की मानें, तो पिछले एक साल में कुल 933 इंजेक्टेबल ड्रग यूजर मरीज (आईडीयू) पंजीकृत हुए हैं। इनमें से 226 मरीज ऐसे हैं, जो अब पूरी तरह से इंजेक्शन का नशा छोड़ चुके हैं और सामान्य जीवन जी रहे हैं। शेष मरीजों का भी इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि कई बार लोग नशे को इंजेक्शन के माध्यम से लेना शुरू कर देते है। एक बार लत लगने के बाद इसे छोड़ना बहुत मुश्किल हो जाता है, जिससे व्यक्ति का शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य खराब होने लगता है। उन्होंने बताया कि नशा करते समय अकसर एक ही सीरिंज प्रयोग करने से मरीज में एचआईवी, हेपेटाइटिस-बी जैसी गंभीर बीमारियों के फैलने का खतरा रहता है। जो दूषित सुई के इस्तेमाल से फैलती हैं। सही जानकारी के साथ बचाव करने से भी नशे से बचा जा सकता है।

दवा के साथ पारिवारिक सहयोग बन सकता है रामबाण

चिकित्सक ने बताया कि अगर कोई इंजेक्शन वाला नशा नहीं छोड़ पा रहे है, तो उन्हें परेशान होने की जरूरत नहीं है। इसके लिए अस्पताल में मरीज को उपचार के साथ दवा भी उपलब्ध करवाई जाती है। यह दवा नशे की तलब को धीरे-धीरे खत्म करती है। अगर परिवार सहयोग मिलता है, तो मरीज के जल्द ठीक होने की संभावना बढ़ जाती है। वह उपचार के साथ अपना कार्य भी जारी रख सकता है। अन्य लोगों की तरह सामाजिक जीवन जी सकता है। उसे बार-बार नशे की जरूरत महसूस नहीं होती।

10 नवंबर तक मनाया जाएगा स्वास्थ्य पखवाड़ा

चिकित्सक ने बताया कि जिलेभर में 10 अक्तूबर से विश्व मानसिक स्वास्थ्य पखवाड़े की शुरुआत होने जा रही है। जिसे 10 नवंबर तक मनाया जा रहा है। इस दौरान जिलेभर में नशा मुक्ति, तनाव प्रबंधन और मानसिक स्वास्थ्य को लेकर सेमिनार, वर्कशॉप और जागरूकता रैलियां निकाली जाएंगी। उन्होंने लोगों से अपील की, कि नशा करने वाले व्यक्ति से नफरत न करें, बल्कि उसे इलाज के लिए प्रेरित करें। सिविल अस्पताल में इलाज पूरी तरह से मुफ्त और गोपनीय रखा जाता है।

मार्केट न्यूज

जैनसन्स ज्वैलर्स का 17वां विशाल भंडारा आज, प्रसाद पैकिंग की भी रहेगी सुविधा

सोनीपत। जैनसन्स ज्वैलर्स की ओर से 10 अक्टूबर को 17वें विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। श्रद्धा और सेवा की भावना से आयोजित होने वाले इस भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। आयोजन को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रसाद पैक करवाकर ले जाने की व्यवस्था भी रहेगी। जैनसन्स ज्वैलर्स के मालिक बसंत जैन ने बताया कि भंडारे का उद्देश्य प्रसाद वितरण के साथ समाज में सेवा, सहयोग और आपसी भाईचारे की भावना को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है। ऐसे आयोजन लोगों को एक-दूसरे के साथ जुड़ने और सामाजिक सद्भाव को मजबूत करने का अवसर देते हैं। उन्होंने बताया कि जो श्रद्धालु किसी कारणवश अपने परिवार के सदस्यों को भंडारे में नहीं ला सकेंगे, वे उनके लिए प्रसाद पैक करवाकर घर ले जा सकते हैं। आयोजन में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाएगा। बसंत जैन ने शहरवासियों से अपील की कि वे 10 अक्टूबर को भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करें और सेवा की इस परंपरा में भागीदारी निभाएं।

चीनी मिल में कैंसर मैमोग्राफी स्क्रीनिंग शिविर 13 व 14 को



गोहाना। चौ. देवीलाल चीनी मिल, आहुलाना (गोहाना) में 13 व 14 अक्तूबर को महिलाओं के लिए निःशुल्क कैंसर मैमोग्राफी स्क्रीनिंग एवं स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर का उद्देश्य महिलाओं में कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाना, समय रहते जांच करवाने के लिए प्रेरित करना तथा प्रारंभिक अवस्था में बीमारी की पहचान में सहायता करना है।एमडी अंकिता वर्मा ने कहा कि महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहते हुए समय-समय पर आवश्यक स्वास्थ्य जांच करवानी चाहिए। कैंसर जैसी गंभीर बीमारी की समय रहते पहचान होने पर चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार की दिशा में आगे बढ़ने में सहायता मिलती है। स्वास्थ्य जांच शिविर महिलाओं तक जांच एवं जागरूकता की सुविधा पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उनके अनुसार यह शिविर में नारूला डायग्नोस्टिक सेंटर एंड इंस्टीट्यूट, रोहतक के सहयोग से आयोजित होगा। शिविर में मिल में कार्यरत महिला कर्मचारियों और मिल कॉलोनी में रहने वाली महिलाओं के साथ-साथ-साथ गांव आहुलाना व आसपास क्षेत्र की महिलाएं स्वास्थ्य जांच एवं निःशुल्क मैमोग्राफी स्क्रीनिंग की सुविधा का लाभ उठा सकेंगी। जांच के उपरांत महिलाओं को आवश्यक रिपोर्ट प्रदान की जाएगी। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि वे इस शिविर का लाभ उठाएं।

बिना नक्शे बने व्यावसायिक भवनों को नियमित करने की योजना दोबारा शुरू हो : जैन



सोनीपत। नगर निगम मेयर राजीव जैन ने स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल को पत्र लिखकर पुनर्वास कॉलोनी, नगर नियोजन योजना, सुधार न्यास योजना और नियमित हो चुकी कॉलोनियों में बिना नक्शा पास करवाए बने व्यावसायिक भवनों को नियमित करने की योजना दोबारा शुरू करने का अनुरोध किया है। मेयर ने पत्र में कहा कि इन कॉलोनियों में नक्शा पास करवाने की प्रक्रिया में ढिलाई के कारण व्यावसायिक भवनों का निर्माण लगातार बढ़ रहा है। नगर निगम ऐसे भवन मालिकों को नोटिस जारी करने के साथ सीलिंग की कार्रवाई भी करता है, लेकिन निर्माण नहीं रुक रहा। इससे निगम को राजस्व का नुकसान हो रहा है और सीवरेज व पेयजल व्यवस्था पर भी दबाव बढ़ रहा है। राजीव जैन ने याद दिलाया कि वर्ष 2016 में विभाग ने निर्धारित शुल्क लेकर अलग-अलग श्रेणियों के भवन नियमित करने की नीति जारी की थी। यह नीति दो वर्ष के लिए लागू थी। इसके बाद प्रदेश में बड़ी संख्या में भवन बन चुके हैं। इन्हें तोड़ने के बजाय नियमित करना जनहित में होगा। उन्होंने बताया कि पोर्टल में तकनीकी खामियों के कारण नक्शा पास करवाने के आवेदन नहीं हो पा रहे हैं। जुलाई 2026 से ऑफलाइन आवेदन भी स्वीकार नहीं किए जा रहे। उन्होंने पोर्टल की समस्या दूर होने तक ऑफलाइन आवेदन लेने की मांग की।

महिला विवि कुलसचिव को हुकटा ने सौंपा स्मरणपत्र



गोहाना। हरियाणा यूनिवर्सिटीज कॉन्ट्रैक्चुअल टीचर्स एसोसिएशन (हुकटा) के आह्वान पर शुक्रवार को भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) की अस्थायी असिस्टेंट प्रोफेसरों की एसोसिएशन की अध्यक्ष डॉ. सुमन रंगा एवं हुकटा के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. विजय कुमार मलिक के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा मांगी गई जानकारी निर्धारित प्रोफार्मा में सत्यापित करके अविलंब भेजने का स्मरणपत्र सौंपा। हुकटा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. विजय कुमार मलिक ने बताया कि महानिदेशक, उच्चतर शिक्षा, पंचकूला ने विश्वविद्यालयों को तीन दिनों के भीतर सत्यापित जानकारी भेजने के निर्देश दिए थे। इस अवसर पर डॉ. ज्योति, डॉ. मीनू, डॉ. सुमेर सिंह, डॉ. मंजीत जांगड़ा, डॉ. अर्चना, डॉ. सुमन श्योरान, डॉ. मीनाक्षी, डॉ. संदीप मलिक एवं डॉ. शीतल देवी उपस्थित रहे।

जय सिंह को श्रद्धांजलि देने की सभा 11 को

खरखौदा। वेद प्रचार मंडल सोनीपत के पूर्व प्रधान जय सिंह का निधन हो गया है। उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए उनके पैतृक गांव रोहट में 11 अक्टूबर को रोहट में शोक सभा आयोजित की जाएगी। जय सिंह दहिया समाजसेवी का जन्म 12 अगस्त 1946 को गांव रोहट में पूरणमल के घर हुआ था। प्राइमरी शिक्षा गांव से हासिल की। उच्च शिक्षा जाट शिक्षा संस्थान सोनीपत से प्राप्त की और फिर एयरफोर्स एवं बैंक में सर्विस के बाद जाट कॉलेज सोनीपत में अकाउंट के पद पर कार्यरत रहे। उनके परदादा भीमा भगत का जीवन उनके लिए प्रेरणादायक रहा।

बहालगढ़ में युवक को कार्यालय में बंधक बनाकर पीटने का आरोप

सोनीपत। बहालगढ़ निवासी एक युवक ने अपने पड़ोसी और उसके साथियों पर कार्यालय में बंधक बनाकर मारपीट करने, जातिसूचक गालियां देने और डेबिट कार्ड के माध्यम से खाते से 33 हजार रुपये निकालने का आरोप लगाया है। युवक का आरोप है कि मारपीट के दौरान उसे बंदूक दिखाई गई और वीडियो बनाकर जबरन दो लाख रुपये देने की बात कहलवाई गई। शिकायत और चिकित्सकीय जांच रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम सहित अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बहालगढ़ निवासी राजेश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह एक निजी कंपनी में सुरक्षा कर्मचारी है। आठ अक्तूबर की शाम करीब छह बजे वह अड्डे की तरफ जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में उसका पड़ोसी रवि मिला। रवि ने उसे बाइक पर कार्यालय तक छोड़ने के लिए कहा। राजेश उसे लेकर कार्यालय पहुंचा तो वहां पहले से छह युवक मौजूद थे।

हिंदू महाविद्यालय में स्नातक के विद्यार्थियों के लिए फ्रेशर पार्टी एवं टैलेंट हंट शो हुआ

बीए से समीर मिस्टर फ्रेशर, सिमरन मिस फ्रेशर बनी, प्रीति को मिला मोस्ट टैलेंटेड का खिताब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत





सोनीपत। हिंदू महाविद्यालय में फ्रेशर पार्टी में हरियाणवी लोक नृत्य प्रस्तुत करते विद्यार्थी, सोनीपत के हिंदू महाविद्यालय में फ्रेशर पार्टी के दौरान अतिथियों व स्टाफ सदस्यों के साथ विभिन्न खिताब से नवाजे गए विद्यार्थी। **फोटो : हरिभूमि**

हिंदू महाविद्यालय में स्नातक (यूजी) एवं स्नातकोत्तर (पीजी) संकायों के लिए आयोजित 3 दिवसीय फ्रेशर पार्टी एवं टैलेंट हंट शो के दूसरे दिन कला संकाय विभाग की ओर से स्नातक के विद्यार्थियों के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. सीमा गर्ग ने विद्यार्थियों को जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए निरंतर मेहनत करने, अनुशासन बनाए रखने, अपने अंदर जिज्ञासा तार्किकता एवं व्यक्तित्व निर्माण पर काम करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. बलजीत कौशिक, राजीव आचार्य, सतीश मित्तल ने शिरकत की। कला संकाय के डीन एवं विभागाध्यक्ष डॉ. बलजीत कौशिक ने प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मंच संचालन डॉ. विशाल शर्मा ने किया। विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों, नृत्य, संगीत एवं अन्य प्रस्तुतियों में उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं में डॉ. योगिता, डॉ. शुचि, डॉ. गीता ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। विभिन्न श्रेणियों में विद्यार्थियों का चयन उनकी प्रतिभा, व्यक्तित्व एवं प्रस्तुतियों के आधार पर किया गया। बीए से समीर को मिस्टर फ्रेशर, सिमरन को मिस फ्रेशर चुना गया। इसके अलावा उत्कृष्ट प्रस्तुतियों एवं प्रतिभा के लिए मिस्टर परफॉर्मर का खिताब सोनिया को प्रदान किया गया। वहीं मोस्ट टैलेंटेड का खिताब प्रीति को मिला।

मोटरसाइकिल चोरी के मामले में आरोपित काबू

सोनीपत। मुरथल थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में पानीपत जिले के गांव काबड़ी निवासी अनूप उर्फ अजय को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद कर ली है। अदालत में पेश करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, गांव शाहपुर तुर्क निवासी अंग्रेज ने 27 सितंबर 2026 को शिकायत दी थी कि 24 सितंबर को वह शराब के नशे में भगवानदास अस्पताल से पहले चौक पर चाय के खोखे के पास गिर गया था। उसने अपनी बाइक चौक पर खड़ी की और वहां से चला गया। अगले दिन वापस पहुंचने पर मोटरसाइकिल गायब मिली। उसने किसी अज्ञात व्यक्ति पर मोटरसाइकिल चोरी करने का संदेह जताया था। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

न्यूज डायरी

नेत्र जांच शिविर में बुजुर्गों व महिलाओं को मिला लाभ



राई। राई हलके के गांव जैनपुर में निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में बुजुर्गों और महिलाओं ने पहुंचकर आंखों की जांच कराई और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर के दौरान जरूरतमंद मरीजों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन, चश्मे और दवाइयां निशुल्क उपलब्ध कराई गईं। कांग्रेस के नेता संजय आतिल शिविर में पहुंचे और लोगों को दवाई वितरित की । संजय आतिल ने कहा कि शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बेहतर नेत्र चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना और उन्हें आंखों से संबंधित समस्याओं के प्रति जागरूक करना रहा। विशेष रूप से बुजुर्गों और माताओं को ध्यान में रखते हुए निशुल्क चिकित्सा सेवाएं प्रदान की गईं, ताकि आर्थिक परेशानी के कारण किसी को इलाज से वंचित न रहना पड़े। मरीजों को आंखों की देखभाल और समय पर जांच कराने के महत्व के बारे में भी जागरूक किया गया। ग्रामीणों ने इस पहल को जरूरतमंद लोगों के लिए लाभकारी बताया।

विश्व चैंपियन एयाल निर पहुंचे खरखौदा



खरखौदा। इजराइल के अंतरराष्ट्रीय कराटे चैंपियन एवं आईटीकेएफ यूरोप के महासचिव सेंसई एयाल निर और सेंसई तीर्थंकर नंदी ने प्रताप स्कूल के विद्यार्थियों के साथ 'बुडो फॉर लाइफ : अभ्यास स्थल से कार्यक्षेत्र तक' विषय पर संवाद किया। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, एकाग्रता, आत्मसंयम, मानसिक दृढ़ता और नेतृत्व क्षमता को सफलता का आधार बताया। सेंसई एयाल निर ने कहा कि मार्शल आर्ट में सीखे गए जीवन-मूल्य केवल खेल तक सीमित नहीं हैं, बल्कि पढ़ाई, करियर और नेतृत्व के क्षेत्र में भी सफलता दिलाने में सहायक हैं। संवादात्मक गतिविधियों और व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से उन्होंने विद्यार्थियों को चुनौतियों का सामना करने तथा लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के आयोजन में सहयोग के लिए सुमित कौशिक का आभार व्यक्त किया गया। विद्यालय प्रबंधन समिति की ओर से दोनों अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

सोनीपत पॉलीथिन मुक्त बनाने को शुरू किया अभियान



सोनीपत। सोनीपत को पॉलीथिन मुक्त और स्वच्छ बनाने के उद्देश्य से युवाओं द्वारा चलाए जा रहे 'पॉलीथिन मुक्त सोनीपत–स्वच्छता के सिपाही' अभियान की टी-शर्ट का विमोचन हरियाणा महिला आयोग की सदस्य सुनीता लोचब ने किया। अभियान का नेतृत्व अजय पांचाल कर रहे हैं। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखा से प्रेरणा लेकर इसकी शुरुआत की। अभियान के तहत लोगों को एकल उपयोग वाली पॉलीथिन के नुकसान बताने के साथ कपड़े के थैले वितरित किए जा रहे हैं। अभियान में शिवम, व्यवसायी संदीप, राजा, हर्ष, अक्षय और कला शिक्षिका सीता सहित अन्य युवा सहयोग कर रहे हैं।

कार्यक्रम में जापान के चार विद्यार्थी व दो शिक्षक पहुंचे



सोनीपत। ऋषिकुल विद्यापीठ, सोनीपत में अंतरराष्ट्रीय शैक्षिक एवं सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत जापान से चार विद्यार्थी और दो शिक्षक पहुंचे। विद्यालय परिवार ने प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। जापानी प्रतिनिधिमंडल लगभग एक सप्ताह तक विद्यालय में रहकर विभिन्न शैक्षिक, सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों में भाग लेगा। विद्यालय के चेयरमैन एसके शर्मा ने कहा कि भारत और जापान की समृद्ध संस्कृति और परंपराएं हैं। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को एक-दूसरे की संस्कृति समझने और वैश्विक दृष्टिकोण विकसित करने का अवसर देते हैं। निदेशक धीरज शर्मा ने कहा कि शिक्षा के साथ विभिन्न संस्कृतियों और विचारों को समझना भी जरूरी है। इससे विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, सहयोग और वैश्विक समझ बढ़ती है। ग्लोबल आउटरीच निदेशक अर्चना शर्मा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय आदान-प्रदान से दोनों देशों के बीच मित्रता और आपसी समझ मजबूत होती है। उप-प्रधानाचार्या कृति चौधरी ने विद्यार्थियों से सभी गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लेने और जापानी संस्कृति का सम्मान करने का आह्वान किया। प्रधानाचार्य उमेश शर्मा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और सांस्कृतिक संवेदनशीलता विकसित होती है। प्रतिनिधिमंडल के प्रवास के दौरान कक्षा गतिविधियों, कला, संगीत, योग, खेल, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और संवाद सत्रों का आयोजन होगा। विद्यार्थी एक-दूसरे के अनुभवों से सीखेंगे।

तीन अवैध कॉलोनियों को किया गया ध्वस्त



खरखौदा। जिला नगर योजना विभाग द्वारा जिला में अवैध कॉलोनियों और निर्माणों पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन द्वारा सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को खरखौदा में सांपला रोड पर एनएच-334 बी के साथ करीब सात एकड़ में विकसित की जा रही तीन अवैध कॉलोनियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। डीटीपी आर टी शर्मा के अनुसार सात एकड़ में फैली इन कॉलोनियों में विकसित किए जा रहे कच्चे रोड नेटवर्क, 20 डीपीसी, सीवरेज सिस्टम, दो निर्माणाधीन भवनों और चारदीवारी को ध्वस्त किया। यह कार्रवाई ड्यूटी मजिस्ट्रेट एवं सहायक नगर योजनाकार अनिल तथा पुलिस बल की मौजूदगी में की गई। डीटीपी आरटी शर्मा ने आमजन से अपील की कि वे अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदने से बचें। प्लॉट खरीदने से पहले संबंधित कॉलोनी की नियमानुसार स्वीकृति की जांच अवश्य करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध कॉलोनियों के विकास को रोकने के लिए विभाग द्वारा जिला के सभी क्षेत्रों में निगरानी की जा रही है। यदि कोई व्यक्ति अवैध कॉलोनी विकसित करता पाया गया तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी।

फैक्ट्री से सामान चोरी करने का आरोपित गिरफ्तार

सोनीपत। राई थाना पुलिस ने गांव सेवली में निर्माणाधीन फैक्ट्री से लोहे के नट-बोल्ट, रॉड और एंगल चोरी करने के मामले में गांव गढ़ मिरकपुर निवासी परविंदर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे अदालत में पेश किया, जहां से दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। मामले में उसके अन्य साथियों की तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार, दिल्ली के वेस्ट प्रीतमपुरा निवासी राजेश ने 8 अक्टूबर 2026 को शिकायत दी थी कि वह गांव सेवली में फैक्ट्री का शेड बनवा रहा है। निर्माण कार्य के लिए लोहे का सामान वहां रखा हुआ था। 8 अक्टूबर की सुबह करीब चार बजे चौकीदार प्रेमपाल ने सूचना दी कि चार-पांच युवक लोहे के नट-बोल्ट के कट्टे, रॉड और एंगल मोटरसाइकिल व कार में लादकर भाग रहे हैं। इस दौरान मौके पर एक युवक को पकड़ लिया गया। उसकी पहचान परविंदर के रूप में हुई। शिकायत के अनुसार, उसके अन्य साथी करीब 1500 किलोग्राम लोहे का सामान लेकर फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की और परविंदर को गिरफ्तार कर लिया।

सूचना

मैं, राज कमल पुत्र श्री बंशी लाल निवासी गांव बांय तहसील गन्नौर जिला सोनीपत बयान करता हूं कि मेरा पुत्र गौरव व उसकी पत्नी आरती और दूसरा पुत्र सौरव व उसक

Elenta Mart
A PERFECT HYPERMARKET

ON ALL MRP 6% OFF

NAVRATRI SALE

UPTO 80% OFF

ON SHOPPING OF ₹2999 & ABOVE
FREE 1 LTR
Only one offer can be claimed per bill.



10 Oct to 20 Oct

ON SHOPPING OF ₹1999 & ABOVE
FREE 1 LTR
Only one offer can be claimed per bill.



ROHTAK · BAHADURGARH · JHAJJAR · GOHANA · HISAR · BHIWANI · SONIPAT · KARNAL
SAMPLA · ZIRAKPUR · PINJORE · SIRHIND · PANIPAT · MALERKOTLA · LUDHIANA · BARNALA

Navratri Items
CHIPS . MARMUDA . LADDOO . KUTTU ATTA . SABUDANA & MORE.
UPTO 50% OFF



FRESCA / MANIA 1 LTR
BUY 1 GET 3 FREE



PRABHAS GHEE (1 LTR)
BUY 1 GET 1 FREE



DEEHAT MAKHANA
BUY 1 GET 1 FREE



DABUR GHEE
BUY 1 GET 1 FREE



MARVEL PREMIUM TEA 250GM / 1KG
BUY 1 GET 1 FREE



PRO NATURE KABULI CHANA 1KG
BUY 1 GET 1 FREE



GM POHA CLASSIC (500G)
BUY 1 GET 1 FREE



COCA / SPRITE FANTA / LIMCA 2LTR
₹79



REDBULL
MRP - ₹125
₹99



PEPSI / MIRINDA / 7UP MOUNTAIN DEW 2.25 L
₹79



MINCHY'S JUICE
BUY 1 GET 1 FREE



UTSAV PAPAD
BUY 1 GET 1 FREE



PRO NATURE KAJU 250 GM
BUY 1 GET 1 FREE



PRO NATURE KALA CHANA / MAKHANA
BUY 2 GET 1 FREE



BEANUT PEANUT BUTTER 1 KG
BUY 1 GET 1 FREE



MCCAIN 1.25 KG
BUY 1 GET 1 FREE



LAHORI ZEERA PACK OF 24
MRP - ~~₹240~~
₹190



TIP TOP / FUN FLIP
BUY 1 GET 1 FREE



APIBEE HONEY
BUY 1 GET 1 FREE



BREGANO PASTA FUSILLI 450GM
BUY 1 GET 2 FREE



GOOD LUCK NAMKEEN
BUY 1 GET 2 FREE



COCOSUTRA BREAKFAST CEREALS
BUY 1 GET 1 FREE



REAL MASALA JUICE
BUY 1 GET 1 FREE



VANDNAM BHOG
SOOJI -MAIDA - DALIYA 500g
BUY 1 GET 1 FREE



TOPS TOMATO KETCHUP 850G
BUY 1 GET 1 FREE



FORTUNE MUSTARD OIL 1L
MRP - ~~₹230~~
₹195



FORTUNE AATA
10KG
MRP - ~~₹485~~
₹415



SHILLS WIPES / MASK
BUY 1 GET 2 FREE



MR. FREEZE / PAGRO FROZEN TREAT GREEN PEAS 500GM
₹59



BEVZILLA PREMIUM CLASSIC & MOCHA COFFEE 200GM
BUY 1 GET 2



NISHA BISCUIT 300GM
BUY 1 GET 2



PATANJALI SENSITIVE PASTE 150GM /50GM
BUY 1 GET 2 FREE



LITTLES / TULIPS SENSITIVE BABY WET WIPES 72N
BUY 1 GET 2 FREE



EXO DISHWASH LIQUID 1.5 LTR
BUY 1 GET 1 FREE



KTRIQ / IHP
BUY 1 GET 1 FREE



TOP / MOTHER PICKLE 950G
BUY 1 GET 1 FREE



RAJDHANI BESAN
1 KG
MRP - ~~₹150~~
₹105



AASHIRVAAD ATTA
10KG
MRP - ~~₹499~~
₹445

Rohtak, Bus Stand
Bus Stand Rd, adjacent to D2M Hotel, near New, Vikas Nagar, Rohtak
Contact: +91-8199999480

Rohtak, Model Town
NEAR APEX HOSPITAL Model Town, Rohtak
Contact: +91-9350999480

Karnal
Meerut - Karnal Rd, near Devilal Park, Rajinder Nagar, Sector 14, Karnal
Contact: +91-90530 86555

Dighal
Sampla Beri Road, Dighal.
Contact: +91-7419202127

Pinjore
Abdullapur Rd, opp. Hotel Raunak, Abdullapur, Pinjore, Haryana **Contact:** +91-76962 97828

Bahadurgarh
Ammarta Arcade Mall, Opposite Metro Pillar No. 816, Bahadurgarh.
Contact: +91-9992296899

Sampla
Elenta Mart,Old Delhi Road, Opposite Beri Mod, Sampla.
Contact: +91-8930062800

Gohana
Elenta Mart, Old Bus Stand Road, Near Narwal Petrol Pump, Gohana.
Contact: +91-7419002626

Jhajjar
W9 Shop No. 771, Bhagat Singh Chowk, Jhajjar.
Contact: +91-8750187531

Panipat
Ground Floor, Mittal Mega Mall, Sector 25 II, Sector 25, Panipat,
Contact: +91-98177 76446

Sonipat
ITI Chowk, near Sai Mandir, Kabirpur, Sonipat, Haryana.
Contact: +91 90530 87555

Zirakpur
Opera Garden Complex, Kishanpura (near Sector 20, Dhakoli)
Contact: +91-89300 79600

Hisar
Tower Enclave, Jindal Chowk opposite HDFC Bank, Hisar
Contact: +91-9896938427

Bhiwani
Meham Gate, opposite Saini Juice, Bhiwani, Haryana.
Contact: +91 99960 31240

Malerkotla
Thandi Sadak, opposite Maharaja Hotel, adjoining Tehsil Complex, Malerkotla .
Contact: +91 6284 603 391

Ludhiana
Sai Bhawan, Chandigarh Rd, Mundian Kalan, Ludhiana, Punjab.
Contact: 90419-49444

Barnala
Elenta Mart, Nanaksar Rd, Barnala, Punjab
Contact: 98761 28970

Rupnagar
Bela Rd, near Vishal Mega Mart, Abhepur Beli, Rupnagar, Arazi Ropar.
Contact: 74197 48181

Sirhind
opp Central Bank of India, Preet Nagar, Fatehgarh Sahib, Sirhind
Contact: 93069 00346

FOLLOW US ON :
elenta_mart
elenta mart

Payment Accepted

Offers and prices may vary from branch to branch.
PRICES ARE SUBJECT TO CHANGE WITHOUT PRIOR NOTICE.

***T & C. APPLY**

*STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME. *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST* STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME *ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET *PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHERBESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA, SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS. *All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.